Worksheet-6 Subject: - Hindi Class: - III Teacher: - Mrs. Puja Sehgal

Name: _____________ Class & Sec: ______________ Roll No. ______ Date: 17.04.2020

पाठ - 1

हम कुछ करके दिखलाएँगे (कविता)

कवि - श्री रामनरेश त्रिपाठी

है शौक यही, अरमान यही
हम कुछ करके दिखलाएँगे
मरने वालों की दुनिया में हम
अमरों में नाम लिखवाएँगे।

जो लोग गरीब भिखारी हैं;
जिन पर न किसी की छाया है।
हम उनको गले लगाएँगे,
हम उनको सुखी बनाएँगे।

जो लोग अँधेरे घर में हैं,
अपनी ही नहीं नज़र में हैं।
उनके घर के हर कोने में
उद्‌यम का दीप जलाएँगे।

रोको मत, आगे बढ़ने दो,
आज़ादी के रखवाले हैं

हम मातृभूमि की सेवा में
अपना सर्वस्व लुटाएँगे।

हम उन वीरों के बच्चे हैं,
जो धुन के पक्के - सच्चे थे।
हम उनका मान बढ़ाएँगे,
हम जग में नाम कमाएँगे।